1577(E)
27/02/2026

नोटिस भारवा ...

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मधुबनी के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Rajnagar-Motipur-Khaira Road (Total Length-12.50 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3897 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय, तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–57(अनु०) दिनांक–07.01.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–385(E) दिनांक–19.01.2026 एवं पत्रांक–991(E) दिनांक–11.02.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–178(अनु०) दिनांक–21.01.2026 एवं पत्रांक–426(अनु०) दिनांक–03.02.2026 द्वारा समर्पित Price Justification प्रतिवेदन के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Rajnagar-Motipur-Khaira Road (Total Length-12.50 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मधुबनी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹7337.73 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–8283(एस०) दिनांक–04.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5976.35 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–599(अनु०) दिनांक–22.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹5798.97927 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |

2.8 निविदा की प्रक्रिया : ई–टेंडरिंग (SBD)

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 16.12.2025

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 03 (तीन) अदद यथाः–

(i) Narsimha Infinity (ii) Govind Kumar Jha

(iii) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd.

2.11 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7/निविदा–03–03–2026–3897 दिनांक–30.12.2025

2.12 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त नहीं है।

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्रांक–57(अनु०) दिनांक–07.01.2026):–**

विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Narsimha Infinity** | **₹57,98,97,927.00 (सन्तावन करोड़ अन्ठानवे लाख सन्तानवे हजार नौ सौ सत्ताईस रुपये)** | **परिमाण विपत्र की राशि से 23.75% (तेंईस दशमलव सात पाँच) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹44,21,72,169.34 (चौवालीस करोड़ इक्कीस लाख बहत्तर हजार एक सौ उनहत्तर रुपये चौंतीस पैसे)** | **L-1** |
| 2. | Govind Kumar Jha | | परिमाण विपत्र की राशि से 17.00% (सतरह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹48,13,15,279.41 (अड़तालीस करोड़ तेरह लाख पन्द्रह हजार दो सौ उनयासी रुपये इकतालीस पैसे) | L-2 |

इस प्रकार वित्तीय बीड के अनुसार सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार Narsimha Infinity है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 23.75% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹44,21,72,169.00 (चौवालीस करोड़ इक्कीस लाख बहत्तर हजार एक सौ उनहत्तर रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार Narsimha Infinity के पक्ष में ₹44,21,72,169.00 (चौवालीस करोड़ इक्कीस लाख बहत्तर हजार एक सौ उनहत्तर रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. उक्त विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड के संबंध में विभागीय पत्रांक–385(E) दिनांक–19.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा में सफल न्यूनतम निविदाकार Narsimha Infinity (L-1) द्वारा उद्धृत Unbalanced Bid Price पर मदवार Price Justification अपने मंतव्य के साथ समर्पित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर को दिया गया था, जिसके क्रम में विभागीय पत्रांक–991(E) दिनांक–11.02.2026 के द्वारा मुख्य अभियंता, उत्तर को पुनः निदेश किया गया है कि निविदाकार Narsimha Infinity द्वारा उद्धृत Unbalanced Bid Price के संबंध में मदवार Justification का विश्लेषण कर स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित किया जाय कि संवेदक द्वारा उद्धृत दर पर कार्य कराया जाना संभव है अथवा नहीं?

उक्त विभागीय निदेश के अनुपालन में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–426(अनु०) दिनांक–03.02.2026 के माध्यम से मंतव्य के साथ प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है:–

विषयांकित निविदा में SBD के ITB की कंडिका–27.4 के अनुरूप Item wise Price Justification न्यूनतम निविदाकार Narsimha Infinity से प्राप्त करने के साथ Item wise Price Justification पर अपना स्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया है। निविदाकार Narsimha Infinity के पत्रांक–PROJ/2026/BR/01 दिनांक–30.01.2026 से प्राप्त Rate Justification से संबंधित कागजात उपभागीय कार्यालय के पत्रांक–178(अनु०) दिनांक–21.01.2026 से अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय को समर्पित किया गया है। पुनः निदेशानुसार संवेदक Narsimha Infinity से प्राप्त Item wise price justification एवं मंतव्य प्रतिवेदन संलग्न कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

संवेदक के द्वारा मदवार बचत की विवरणी समर्पित की गई है, जिसमें यंत्र–संयत्र, Overhead Charges, Contractor Profit एवं Carriage मद में क्रमशः ₹273.77 लाख, ₹493.95 लाख, ₹364.08 लाख एवं ₹402.20 लाख कुल राशि ₹1534.00 लाख रुपये की बचत दिखाई गई है, जो BOQ की राशि का 26.45% होता है।

संवेदक द्वारा बताये गये Overhead मद में बचत की राशि ₹493.95 लाख को पूर्णतः मान्य नहीं किया गया जा सकता है क्योंकि इस मद के तहत् स्थल कार्यालय, स्थल प्रयोगशाला, Miscellaneous Taxation इत्यादि प्रावधानित है। परन्तु संवेदक के द्वारा Contractor's Profit को और *घटाने* (राशि 2% भी) एवं Contract कार्य में लगने वाले सभी वित्तीय भार उठाने का Undertaking दिया गया है।

विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 के अनुरूप वाँछित Additional Performance Guarantee की राशि जमा कराते हुए निविदा निस्तार पर आवश्यक निर्णय लिया जा सकता है।

5. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः**

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–57(अनु०) दिनांक–07.01.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–385(E) दिनांक–19.01.2026 एवं पत्रांक–991(ई०) दिनांक–11.02.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–178(अनु०) दिनांक–21.01.2026 एवं पत्रांक–426(अनु०) दिनांक–03.02.2026 द्वारा समर्पित Price Justification प्रतिवेदन के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, मधुबनी के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Rajnagar-Motipur-Khaira Road (Total Length-12.50 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार Narsimha Infinity को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.75% (तेंईस दशमलव सात पाँच) प्रतिशत कम यानि ₹44,21,72,169.00 (चौवालीस करोड़ इक्कीस लाख बहत्तर हजार एक सौ उनहत्तर रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/02/26 | 26/2/26 | 26/2/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7 / निविदा–03–03 / 2026 1577(E)

पटना, दिनांक 27/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/2/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।